# D.A.V. PUBLIC SCHOOLS, BHUBANESWAR
## ASSESSMENT – II , 2017-18
## CLASS – V
## SUB : HIGHER HINDI

***[Time : 2 hours]*** ***[Maximum Marks: 50]***

**सामान्य निर्देश :-**

- इस प्रश्न पत्र में १४ प्रश्न और चार खंड हैं ।
- सभी प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है ।
- उत्तर पुस्तिका में वही क्रम लिखें जो प्रश्न पत्र में दिए गए हैं ।
- प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर साफ एवं सुंदर अक्षरों में लिखें ।
- उत्तर लिखने से पहले प्रश्नों को ध्यान से पढ़ें ।
- इस प्रश्न पत्र में चार खंड हैं , खंड क ५ अंक, खंड ख - १० अंक खंड ग - १५ अंक, खंड घ - २० अंक

### *खंड - क (अपठित गद्यांश) - ५ अंक*

**1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **(1 x 5 = 5)**

राजा और मंत्री में विवाद चल रहा था । राजा कहता था कि मनुष्य अधिकांशत: सच्चे होते हैं । मंत्री कह रहा था कि यदि समुचित निगरानी रखा जाए , तब सभी सच्चे होते हैं । निगरानी के अभाव में सभी अवसर का लाभ उठाते हैं और बेईमान बन जाते हैं । विवाद का अंत न होते देख मंत्री ने अपनी बात की सत्यता को प्रमाणित करने का दावा किया । राजा ने बात मान ली । एक पक्का तालाब बनवाया गया । जब वह पूरी तरह तैयार हो गया तो नगर में घोषणा कराई गई कि इस तालाब में हर घर से एक लोटा दूध डाला जाए । दूध रात में तालाब में डालना होगा । तालाब पर कोई चौकीदारी नहीं रहेगी । रात में लोग आए । सभी ने सोचा कि जब सभी लोग दूध डालेंगे तो मेरे एक लोटे जल से किसी को मेरी करनी का पता भी न चलेगा । यही विचार सबके मन में अनायास घूम गया । सभी ने तालाब में जल डाला । राजा और मंत्री अगले दिन प्रात: काल तालाब पर आए । देखा तो पूरा तालाब पानी से भरा था, उसमें एक भी लोटा दूध का नहीं डाला गया था ।

(क) राजा और मंत्री के विवाद में राजा का क्या कहना था?

(ख) मंत्री के अनुसार निगरानी के अभाव में क्या होता है ?

(ग) दूध डालने की जगह पर लोगों की चिंताधारा कैसी थी ?

(घ) विवाद का अंत करने के लिए क्या बनवाया गया ? (विकल्पों में से चुनिए)

(i) एक इमारत (ii) विद्यालय (iii) एक पक्का तालाब (iv) चिकित्सालय

(ङ) तालाब पर क्या नहीं रहेगी ? (विकल्पों में से चुनिए )

(i) चौकी (ii) लोटा (iii) दूध (iv) चौकीदारी

1<

## खंड - ख (लेखन कार्य) - १० अंक

2. **किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए ।** (5)

क. गणतंत्र दिवस    ख. प्रिय त्योहार होली    ग. प्रदूषण

3. ठीक समय पर बस न आने पर शिकायत करते हुए परिवहन अधिकारी को पत्र लिखिए । (5)

**अथवा**

पूर्ण गणवेश में न आ पाने पर कक्षा अध्यापिका को आवेदन पत्र लिखिए ।

## खंड - ग (व्याकरण) - १५ अंक

4. **विकल्पों में से चुनकर वचन बदलिए ।** (1 x 3 = 3)

(क) भैंस - i. भैंसे ii. भैंसें iii. भैंसियाँ iv. भैंसा

(ख) कन्या - i. कनिआएँ ii. कन्याएँ iii. कनिए iv. कन्या

(ग) बुढ़िया - i. बूढ़ा ii. बुढ़ियाँ iii. बुढ़िए iv. बुढ़िया

5. **विकल्पों में से चुनकर वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए ।** (1 x 3 = 3)

(क) जो कम खाता हो - i. खानेवाला ii. कमाऊ iii. शाकाहारी iv. अल्पाहारी

(ख) जो टल न सके - i. टली ii. अटल iii. टलना iv. नाटल

(ग) जो स्त्री कविता लिखती है - i. कवि ii. कवयित्री iii. कवित्री iv. लेखिका

6. **नीचे कोष्ठकों में दिए गए शब्दों से विशेषण बनाकर खाली स्थान भरिए ।** (1 x 3 = 3)

(क) अब कर्ण जैसे ................. कहाँ हैं ? (दान)

(ख) ................. जन सबका भला चाहते हैं । (गुण)

(ग) ................. समय पर विद्यालय पहुँचना चाहिए । (नियम)

7. **क्रिया पहचान कर उसका भेद बताइए । (अकर्मक या सकर्मक )** (1 x 2 = 2)

(क) वह पुस्तक पढ़ेगा ।

(ख) मैं हँस रहा हूँ ।

8. **खाली स्थान सही परसर्ग से भरिए ।** (1 x 2 = 2)

(क) भैंसों ................. चारा नहीं है । (को, के लिए , पर , ने)

(ख) बस ................. सामान नीचे गिर गया । (कहाँ, की, से , पर)

9. **निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ लिखिए ।** (1 x 2 = 2)

(क) गर्दन झुकना ।

(ख) दाँत खट्टे करना ।

17

## खंड - घ (पाठ्य पुस्तक) - २० अंक

**10. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।** **(1 x 2 = 2)**

डुबकियाँ सिंधु में गोताखोर लगाता है
जा जाकर खाली हाथ लौट आता है ।
मिलते न सहज ही मोती गहरे पानी में ।
बढ़ता दूना उत्साह इसी हैरानी में ।

(क) गोताखोर को आसानी से क्या नहीं मिलता ?

(ख) उपरोक्त कविता का नाम तथा कवि का नाम लिखिए ।

**11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>दो</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **(2 x 2 = 4)**

(क) सावन के महीने में आपके आस-पास के वातावरण में क्या-क्या परिवर्तन होते हैं ?

(ख) जाड़े में चाँद का क्या हाल होता है ?

(ग) कैसा व्यक्ति कभी हार नहीं सकता ?

(घ) वर्षा आने पर कौन से पशु-पक्षी अधिक प्रसन्न दिखाई देते हैं ?

**12. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं <u>चार</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।** **(2 x 4 = 8)**

(क) ताई ने हरित को पौधों के विषय में क्या जानकारी दी ?

(ख) कलिंग के राजा ने गुप्त बैठक क्यों बुलाई ?

(ग) महंत ने गोबर्धन दास को कैसे बचाया ?

(घ) खड्गसिंह से सब क्यों डरते थे ? क्या उनका डरना ठीक था ?

(ङ) बेट्टिना सफलता के शिखर पर फिर से किस प्रकार पहुँची ?

(च) बाबा भारती ने खड्गसिंह से क्या प्रार्थना की और क्यों?

**13. पाठ के आधार पर रिक्त स्थानों को भरिए ।** **(1 x 4 = 4)**

(क) नगर तो बड़ा सुंदर है पर .................. भी सुंदर मिले तो बड़ा आनंद हो ।

(ख) गुप्त सभा में कई दिनों तक .................. होता रहा ।

(ग) बेट्टिना .................. में प्रमुख भूमिकाएँ निभाती है ।

(घ) नींद में भी वह .................. पाने का सपना देखता रहा ।

**14.** दूसरों को आप कैसे खुशी दे सकते हैं ; इससे आपको कैसा लगता है और क्यों ? **(2)**

**अथवा**

यदि हम ठान लें कि किसी भी परिस्थिति में हम हार नहीं मानेंगे तो मुश्किलों को जय करते हुए सफलता प्राप्त कर सकते हैं । क्या आप इस बात से सहमत हैं, कैसे ? उदाहरण सहित लिखिए ।

***************